तापमान
अधिकतम 40.0 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री



# हरिभूमि बेमेतरा भूमि

रायपुर, रविवार, 9 जून 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



11 अटल आवास देने के बाद भूला हाउसिंग बोर्ड बिजली...


12 कक्षा 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम बेहद...




## खबर संक्षेप

### स्वामी आत्माराम कुंभज अवतरण दिवस आज

**बालोद।** जिले के तीर्थ स्थल महर्षि मुक्त लोक सेवा सार्वजनिक न्यास द्वारा आश्रम परिसर में 9 जून को वेदांत केशरी ब्रम्हलीन स्वामी आत्मा राम कुम्भज जी का अवतरण दिवस मनाया जाएगा। नाड़ी वैद्य और स्वामी जी के कृपा पात्र शिष्य पुरुषोत्तम सिंह राजपूत ने बताया इस अवसर पर सुबह 9 बजे स्वामी जी की मूर्ति का अनावरण गुरु पादुका पूजन के साथ पंडित मनोज शर्मा (सोरर) द्वारा, 10:30 बजे सुबह से 12:30 बजे तक पूज्यपद देवी प्रसाद तिवारी द्वारा मुक्त वचनामृत अध्यात्म निरूपण किया जाना है। 12:30 बजे से अतिथि सम्मान सह आशीर्वचन पश्चात महाप्रसादी। मध्यान्ह 2 बजे से साहित्य गतिविधि काव्य गुंजन स्वामी जी द्वारा कृपा पात्र साहित्य हस्ताक्षर कविगण मीर अली मीर रायपुर, सीताराम श्याम पैरी, जगदीश प्रसाद देशमुख दरबारी नवागांव, शिवकुमार अंगारे मटिया बंगला, प्यार लाल देशमुख निकुम दुर्ग,पुस्कर सिंह राजपुत झलमला, केशव साहू जी गुण्डरदेही की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोपाल राम वर्मा, प्रांतीय अध्यक्ष तुलसी मानस प्रतिष्ठान छत्तीसगढ़ और अध्यक्षता गोविंद राम साहू, अध्यक्ष मुक्ताश्रम लोक सेवा सार्वजनिक न्यास होंगे।

### धोबी समाज का महाधिवेशन स्थगित

**अंडा।** 9 जून को रायगढ़ में होने वाले धोबी समाज का महाअधिवेशन स्थगित कर दिया गया है। प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर से मिली सूचना के आधार पर आयोजक जिला अध्यक्ष अवधेश कुमार सोन ने बताया कि कार्यक्रम के अतिथियों के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए दिल्ली जाने के कारण यह कार्यक्रम स्थगित किया गया है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की नई तिथि की घोषणा शीघ्र की जाएगी।

### ग्राम बोरी में कबीर साहेब का प्राकट्य उत्सव आज

**लाटाबोड़।** सद्गुरु कबीर साहेब का प्राकट्य दिवस एवं सत्संग समारोह का आयोजन ग्राम बोरी पुरानापारा में 09 जून को रखा गया है। कबीर पंथी समाज के संरक्षक राजू राम साहू ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9 शोभायात्रा के साथ होगी। उसके बाद सत्संग प्रवचन, भोजन प्रसादी और चौका आरती की जाएगी। प्रवचनकर्ता महंत बिरेन्द्र साहेब जी एवं भजन मंडली सुरडोंगर होंगे।

### भोथीपार में कबड्डी प्रतियोगिता आज

**बालोद/कलंगपुर।** जय हिन्द स्पोर्ट्स क्लब एवं समस्त ग्रामवासी भोथीपार (खपरी) के तत्वावधान में एक दिवसीय छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय डे नाईट कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 9 जून को किया जा रहा है।
जय हिन्द स्पोर्ट्स क्लब भोथीपार के सलाहकार डेविड कुमार मंडावी ने बताया कि प्रवेश शुल्क 251 रूपए रखा गया है। सभी मैच सिनसेटिक मैट पर खेले जाएंगे। प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार 6001 रूपये, द्वितीय 4001 रूपये, तृतीय 3001 रूपये तथा चतुर्थ पुरस्कार 2001 रूपए दिए जाएंगे। इसके साथ ही अन्य विशेष आकर्षके पुरस्कार भी रखे हैं।

# विद्युत आपूर्ति बहाल करने विभाग को लगाना पड़ा एड़ी-चोटी का जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

## आंधी-बारिश के कारण खंभे व पेड़ गिरने से बाधित विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बहाल

मौसम बदलने के कारण बेमेतरा जिले में 5 जून को आंधी-तूफान के कारण विद्युत वितरण तंत्र को काफी नुकसान का सामना करना पड़ा। तूफान की भयावहता के कारण बेमेतरा जिला मुख्यालय के सिविल लाइन एवं आसपास के क्षेत्रों में दर्जनों पेड़ विद्युत तार पर गिर गए थे एवं सैकड़ों डंगाल विद्युत लाइन के तारों में फंस गई थी। उसके कारण बिजली के खंभे सहित वितरण तंत्र में ब्रेक-डाउन का गहरा असर हुआ था। इस व्यवधान को दूर करने के लिए विद्युत कर्मियों ने दिन-रात एक कर दिया और यथासंभव जल्दी से जल्दी विद्युत आपूर्ति सामान्य कर दी। जिसके कारण रात का अंधेरा गहराने के पहले ही बिजली की रोशनी लौट आई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनियों को सुशासन के लिए प्रेरित करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए है कि जनहित से जुड़े विषयों और सेवाओं पर पूरी तत्परता से ध्यान देना है। इसके अनुपालन में विद्युत कंपनियों के अध्यक्ष पी. दयानंद तथा एम.डी. पारेषण एवं वितरण राजेश कुमार शुक्ला ने मैदानी अमले को विशेष हिदायतें दी हैं। 05 जून 2024 की प्रथम पहर में बेमेतरा में जब आंधी-तूफान से क्षेत्र के सभी फीडर ट्रिप हो गए तो विद्युत कर्मियों ने तत्काल मोर्चा संभाला। तेज आंधी-तूफान के कारण ट्रांसफार्मर, डी.पी., 11 के.व्ही. लाइनों एवं एलटी लाइनों के 30 से अधिक खंभे पूरी तरह से टूट गए एवं अनेक स्थानों में बिजली ⏭ शेष पेज 10 पर



### अतिरिक्त गैंग की मदद से किया गया सुधार

दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता एम.जामुलकर ने बताया कि कर्मचारियों की सहायता से अतिरिक्त गैंग बनाकर तथा फ्यूज ऑफ कॉल ठेकेदार से अतिरिक्त गैंग लेकर सीमित समयसीमा में दुरुस्तीकरण की कार्यवाही की गयी। जोन के सहायक यंत्री, कनिष्ठ यंत्री अपने साथ एक-एक तकनीकी कर्मचारी को लेकर अलग-अलग लाइनों में विद्युत व्यवधान को दूर किया गया। ज्यादातर उपभोक्ताओं को 2 घंटे में राहत मिल गई थी, वहीं बड़े फॉल्ट को भी रात्रि 8 बजे तक ठीक कर दिया गया। तूफान की भारी तबाही से प्रभावित विद्युत आपूर्ति बहाल करने में लगे विद्युत कर्मियों को बेमेतरा वासियों द्वारा बेहद संयमित रहकर सहयोग किया गया, जिसके कारण इस आंधी-तूफान में हुए भारी तबाही के कार्य को बेहद व्यवस्थित एवं सुरक्षित तरीके से पूर्ण किया जा सका। आपदा प्रबंधन में विद्युत कर्मियों को सहयोग करने की अपील छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत पारेषण तथा वितरण कंपनी के एमडी राजेश कुमार शुक्ला ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं प्रदेश के ऊर्जा सचिव तथा छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनियों के अध्यक्ष पी. दयानंद द्वारा राज्य मुख्यालय स्तर पर लगातार मॉनीटरिंग की जा रही है। विद्युत कंपनी प्रशासन ने जनता से यह अपील की है कि किसी भी स्थान पर ऐसी परिस्थितियों में धैर्य रखें क्योंकि सुधार तथा आपूर्ति बहाली का कार्य मानवीय श्रम से ही संभव होता है।

## स्वीकृत : मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख व घायलों के लिए 50-50 हजार रूपए की स्वीकृत

# बाहपानी सड़क दुर्घटना व पिरदा में बारूद फैक्ट्री ब्लास्ट मामले में एक करोड़ 51 लाख रूपए जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

- मुख्यमंत्री ने नियमों को शिथिल करते हुए स्वेच्छानुदान से मंजूर की सहायता राशि

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कबीरधाम जिले के विकासखंड पंडरिया के ग्राम बाहपानी में 20 मई को हुई दुःखद सड़क दुर्घटना एवं बेमेतरा जिले की भिंभौरी तहसील के ग्राम पिरदा में 25 मई को स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड बारूद फैक्ट्री में हुए ब्लास्ट में मृतकों के परिजनों तथा घायलों सहित 51 अनुदानग्रहिताओं को अपने स्वेच्छानुदान मद से कुल 01 करोड़ 51 लाख 50 हजार रूपए की राशि स्वीकृत की है। मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रूपए तथा घायलों को 50-50 हजार रूपए के मान से सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

कबीरधाम जिले के ग्राम बाहपानी की सड़क दुर्घटना में 19 मृतकों के परिजनों को 5 लाख रूपए के मान से 95 लाख रूपए तथा इस घटना में 16 घायलों को 50-50 हजार रूपए के मान से कुल 8 लाख रूपए की राशि मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा स्वेच्छानुदान मद से मंजूर की गई है।




### एक मृतक के साथ 8 लापता लोगों के परिजनों को 5-5 लाख

इसी प्रकार बेमेतरा जिले के ग्राम पिरदा की स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड बारूद फैक्ट्री में 25 मई को हुए ब्लास्ट में एक मृतक एवं 8 लापता व्यक्तियों के परिजनों को 5 लाख रूपए के मान से कुल 45 लाख रूपए की आर्थिक सहायता तथा इसी घटना में 7 घायलों को 50 हजार रूपए के मान से कुल 3 लाख 50 हजार रूपए की सहायता राशि की मंजूरी मुख्यमंत्री ने दी है। जिले के बेरला ब्लॉक ग्राम पिरदा की स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड बारूद फैक्ट्री में ब्लास्ट में मृतक सेवक राम और 8 लापता व्यक्तियों पुष्पराज देवदास, विजय देवदास, राजू ध्रुव, नीरज ध्रुव, लोकनाथ यादव, शंकर यादव, नरहर यादव, भीष्म साहू के परिजन को 5-5 लाख रूपए की राशि तथा 7 घायलों श्री इन्द्रकुमार रघुवंशी, दिलीप ध्रुव, नीरज यादव, चंदन कुमार, मनोहर यादव, रवि कुर्रे, शेषनाथ निषाद को 50-50 हजार रूपए की सहायता राशि मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा मंजूर की गई है।

# आंधी के कारण हाई वोल्टेज तार की चपेट में आया टेंट

## मृत्युभोज में शामिल 4 घायल



हरिभूमि न्यूज ⏭ नवागढ़



- नवागढ़ विकासखंड के ग्राम झाल की घटना

शनिवार को नवागढ़ मुख्यालय से 3 किमी दूर ग्राम झाल में मृत्युभोज के दौरान आई आंधी के कारण टेंट हाइवोल्टेज तार की चपेट में आ गया। इस दौरान वहां भोजन कर रहे 04 लोग करंट लगने से घायल हो गए। घायलों में एक 08 साल का मासूम बालक भी शामिल है, जिसके पेट का कुछ हिस्सा करंट से झुलस गया है। सभी घायलों को उपचार के लिए नवागढ़ के सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया, फिलहाल सभी की हालत खतरे से बाहर है। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को ग्राम झाल के रोहित साहू के यहां दशगात्र कार्यक्रम था। दोपहर करीब 04 बजे मृत्यु भोज का कार्यक्रम चल रहा था, तभी अचानक मौसम बदला, और तेज आंधी तूफान उठ गया। कार्यक्रम में लगा टेंट आंधी के चलते उड़कर नजदीक के हाई वोल्टेज तार से जा टकराया, जिसके चलते पूरे टेंट में करंट दौड़ गया। भोजन पर बैठे कुछ लोग इसके संपर्क में आ गए और करंट से जल गए। हालांकि ⏭ शेष पेज 10 पर

# सिंघौरी के कूड़ा पृथक्करण शेड में ताला





हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा/बेरला

- स्वच्छ भारत मिशन योजना हुई फेल

जनपद पंचायत बेरला के निकतवर्तीय आने वाले ग्राम पंचायत सिंघौरी में कूड़ा पृथक्करण शेड पर ताला जड़ दिया गया है। वहीं, स्वच्छ भारत मिशन योजना के अन्तर्गत ग्राम में कूड़ा पृथक्करण शेड का निर्माण किया गया है। जिसमें सूखा, गीला, अपशिष्ट, प्लास्टिक व अन्य कचरे को अलग-अलग खण्ड में रखे जा सकें। इससे गांव की गलियों व घर के कचरे एक व्यवस्थित स्थान पर रखा जाए ताकि बीमारी व गंदगी से बचा जाए। आपको बता दें कि ग्राम पंचायत सिंघौरी में कूड़ा पृथक्करण शेड का निर्माण हुआ है जिनका स्वीकृत वर्ष 2022-23 का है वही इनके स्वीकृत राशि 4 लाख रुपये है। यह योजना मनरेगा एवं 15वें वित्त के अनुसार निर्माण हुआ है। वही इनके कार्य एजेंसी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा बेमेतरा है। कूड़ा पृथक्करण शेड निर्माण को पूरे एक साल बीत जाने के बावजूद अब तक स्वच्छ भारत मिशन में ताला लटकता नजर आ रहा है। जिस पर जनप्रतिनिधियों द्वारा कोई प्रकार से ध्यान नहीं देने से ग्रामीणों में सवाल खड़े हो रहे हैं। इससे ग्राम में स्वच्छता के प्रति जनप्रतिनिधि जागरूक नहीं लग रहा है और न ही ग्रामीणों को जागरूक कर रहे है। वही कूड़ा पृथक्करण शेड में कचरे की बजाय रेत, गिट्टी, पाइप व गृह निर्माण ठेकेदार के मटेरियल उपयोगी समान रखे गए हैं। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि कचरे सड़को पर रहे और उपयोगी समान शेड में सुरक्षित रहे।

### नापेड व कूड़ा पृथक्करण शेड हो रहे फेल

ग्राम सिंघौरी से देवरबीजा जाने वाली मार्ग गौठान में नापेड व कूड़ा पृथक्करण शेड निर्माण हुआ है। एक तरफ नापेड शेड कचरे से भर गए है। वही ग्रामीण उसमें कचरे डाले जा रहे है। इससे कचरे इधर-उधर बिखर रहा है। वही दूसरी ओर पृथक्करण शेड में ताला लगे होने पर सूखा, गीला, प्लास्टिक, अपशिष्ट व अन्य सभी प्रकार के कचरे नापेड में ही डाला जा रहा है। वही नापेड की साफ-सफाई की ओर जनप्रतिनिधियों द्वारा व्यवस्था व ध्यान नहीं दिया जा रहा। इससे ग्रामीण कचरा अलग करने के लिए लगाए गए शेड के बारे में चिंता जताई है। शेड की वजह से कचरा बिखरा हुआ है, जिससे पैदल चलने वालों के लिए गलियों व चौराहों से गुजरना मुश्किल हो गया है। इस संबंध में ग्राम पंचायत सिंघौरी सचिव प्रह्लाद ठाकुर ने बताया कि ग्राम के समूह वालों को सौंप दिया गया है। इसके बारे में समूह वाले को ध्यान आकर्षित करूंगा। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा बेमेतरा कार्यपालन अभियंता महाजन बाँधड़े ने फोन से बातचीत के दौरान कहा कि इस संबंध में जानकारी लेता हूँ।






## पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें


8319154342, 8224868411


# खेतों में पहुंचे किसान, खरीफ की तैयारी शुरू

**बेमेतरा।** कृषि प्रधान बेमेतरा जलि में इन दिनों मौसमी परिवर्तन का असर दिखना शुरू हो गया है। क्षेत्र में हफ्तेभर पूर्व जहाँ नौतपा व लू के कारण भयंकर गर्मी, धूप व उमस से जिलेवासियों का हाल-बेहाल था। वहीं, अब मानसून के हफ्तेभर पहले ही प्री-मानसून की एंट्री व तापमान में गिरावट से लोगों में भीषण गर्मी से राहत मिलने लगी है। इसी बीच अब घरो में सिमटे लोग बाहर निकलकर खेती- किसानी के कार्य मे जुटने लग गए है। जिसके लिए ग्रामीण अंचलों में सुबह से ही अन्नदाता किसान अपने परिवार सहित खेतों में मिट्टी को समतल करते, खरपतवार के नाश करते एवं जुताई करते नजर आ रहे हैं। मानसून की आहट के चलते सुगबुगाहट में तैयारी करते दिखाई पड़ रहे हैं। हालाँकि जलि में प्री-मानसून ने दस्तक दे दी है कुछ दिनों के अंतराल में जलि के चारों विकासखण्ड क्षेत्र मानसून के दायरे में गिरफ्त होगा। जिसकी आस में अभी से जिलेभर के किसान बन्धु सक्रिय होकर कृषि कार्य मे लग गए हैं। बहरहाल जलि में हर साल की तरह खरीफ फसल के लिए किसानी के दौर की शुरुआत हो गई है। कहीं बैल तो कहीं ट्रैक्टर व आधुनिक कृषि मशीनों का सहारा लेकर किसानी कार्य किया जा रहा है।



## खबर संक्षेप




### भाजयुमो नेता अमित ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

**रायपुर।** लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ में मिली भाजपा को ऐतिहासिक और रिकॉर्ड जीत के साथ देश में बनी एनडीए सरकार बनने की भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अमित चौधरी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर बधाई दी। छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की 10 सीटों पर विजय हुई। डबल इंजन की सरकार से निश्चित ही प्रत्येक छत्तीसगढ़वासियों को इसका लाभ मिलेगा, विष्णुदेव साय की अगवाई में छत्तीसगढ़ तरक्की के नए सोपान तय करेगा, ऐसी शुभकामनाओं के साथ भेंट हुई।

### आश्वासन के बाद छात्रों की भूख हड़ताल समाप्त



**रायपुर।** गुरुवार सुबह से भूख हड़ताल पर बैठे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्रों ने शुक्रवार को आश्वासन के बाद अपनी भूख हड़ताल खत्म की। एबीवीपी द्वारा सेमेस्टर परीक्षा प्रणाली के अंतर्गत उस ऑर्डिनेंस में बदलाव की मांग की जा रही थी, जिसके अंतर्गत छात्रों को पिछली परीक्षाएं क्लियर होने तक चतुर्थ सेमेस्टर में रोके जाने का प्रावधान था। कार्यकर्ताओं ने गुरुवार सुबह 10 बजे से भूख हड़ताल शुरू की, जो 25 घंटे बाद शुक्रवार दोपहर 11बजे प्राचार्य द्वारा पानी पिलाने पर समाप्त हुई। पानी पिलाने से पहले प्राचार्य ने उच्च शिक्षा सचिव से छात्रों की बात कराई और उन्हें आश्वस्त किया कि उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा।

### सूने मकान में धावा कैश और जेवर चोरी

**रायपुर।** सेजबहार थाने में एक व्यक्ति ने अज्ञात चोर के खिलाफ उसके सूने मकान का ताला तोड़कर नकदी 25 हजार रुपए सहित 45 हजार रुपए के सोने-चंदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक दतरेंगा निवासी सुमन दास मानिकपुरी ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। सुमन ने पुलिस को बताया कि वह गुरुवार को पारिवारिक कार्य के धमधा गया था। दूसरे दिन पड़ोसी ने उसे चोरी की सूचना दी। सुमन के अनुसार अज्ञात चोर दरवाजे में लगा कुंडी का ताला तोड़कर घर के अंदर प्रवेश कर आलमारी तथा लॉकर तोड़कर कैश तथा नकदी पर हाथ साफ कर दिया।

### शिकायत दर्ज कराने के विवाद पर मारपीट

**रायपुर।** मौदहापारा थाने में एक युवक ने एक अन्य युवक के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने के विवाद में मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक मधु साहू ने हितेश निर्मलकर के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। मधु ने पुलिस को बताया कि मरही माता मंदिर के पास हितेश ने उसके ऊपर थाने में शिकायत दर्ज कराने का आरोप लगाते हुए मारपीट की।

### रिमोट बनवाने के विवाद पर मारपीट

**रायपुर।** पुरानी बस्ती थाने में एक युवक ने एक अन्य के खिलाफ रिमोट बनवाने के विवाद पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक जतिन मंधानी ने मानिक ताम्रकर के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। जतिन ने पुलिस को बताया कि लोहार चौक बिजली ऑफिस के पास मानिक ने रिमोट बनवाने के विवाद में उसके साथ मारपीट की।

### भवन निर्माण सामग्री सड़क पर, 7000 जुर्माना वसूला

**रायपुर।** जोन-5 नगर निवेश विभाग की टीम ने उप अभियंता विद्या देशलहरा की उपस्थिति में पं. वामनराव लाखे वार्ड के कुशालपुर में छुईया तालाब के किनारे नाली के ऊपर किए गए अवैध कब्जे को अभियान चलाकर हटाने की कार्यवाही की। इसी प्रकार लाखेनगर चौक में 3 भवन स्वामियों द्वारा सड़क पर रखी गई ।

# सुपेबेड़ा में डायलिसिस सेंटर, रायपुर में सात सौ बेड अस्पताल की नई जगह पर सुगबुगाहट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सुपेबेड़ा के किडनी प्रभावित मरीजों की सुविधा के लिए वहां आधुनिक डायलिसिस सेंटर खोला जाएगा। इसके साथ ही गरियाबंद में मॉडल नेफ्रोलॉजी सेंटर की स्थापना की जाएगी। राजधानी में प्रस्तावित सात सौ बिस्तर के नए अस्पताल के लिए चिन्हित स्थल के पसंद नहीं आने पर नई जगह की तलाश की जाएगी।

आचार संहिता हटने के बाद स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने शुक्रवार को मंत्रालय में अफसरों की मैराथन बैठक ली। उन्होंने बैठक में राज्य में प्रस्तावित चार नए मेडिकल कालेज के कार्यों और बड़े अस्पतालों से लेकर छोटे स्वास्थ्य केंद्रों तक दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता पर सख्त हिदायत जारी की। स्वास्थ्य मंत्री ने सुपेबेड़ा में किडनी की बीमारी को ध्यान मे रखते हुए वहां एक अत्याधुनिक डायलिसिस सेंटर खोलने की अनुशंसा की है। वहां बीमारी के कारणों का पता लगाने और स्वास्थ्य सुविधा जुटाने के लिए एक कमेटी भी बनाई गई है।

किडनी के मरीजों के बेहतर इलाज के लिए राज्य में एक माडल नेफ्रोलाजी सेंटर गरियाबंद खोलने की भी अनुशंसा की है। उन्होंने आंबेडकर अस्पताल में प्रस्तावित सात सौ बिस्तर अस्पताल की योजना की समीक्षा की। इस दौरान पूर्व में चिन्हित स्थल का मुआयना करने अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि अगर जगह उपयुक्त नहीं होगी तो मरीजों की सुविधाओं के लिए नए स्थान की तलाश भी की जाएगी।

- गरियाबंद में मॉडल नेफ्रोलॉजी सेंटर, दवाइयों की उपलब्धता पर जोर
- आचार संहिता हटते ही स्वास्थ्य मंत्री ने ली अफसरों की मैराथन बैठक



### भर्ती पर भी हुई चर्चा

बैठक में विभिन्न अस्पतालों में मैन पॉवर की समस्या को दूर करने के लिए चिकित्सों सहित अन्य निचले स्टाफ की भर्ती पर जोर दिया गया। इसके लिए व्यापमं और पीएससी के माध्यम से भर्ती परीक्षा आयोजित करने के हिदायत दी गई। बैठक में विभागीय बजट का आकलन करते हुए उसे अनुपूरक बजट में शामिल करने के प्रस्ताव पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। इसके साथ ही नियमित बजट में पारित कार्यों की भी समीक्षा की।

### सिकलसेल एनीमिया रोकने जागरूकता पर जोर

स्वास्थ्य मंत्री ने मलेरिया और सिकल सेल एनीमिया जैसी बीमारियों के बारे में कहा है कि इसको लेकर समाज में जागरूकता लाने की आवश्यकता है। इसके लिए जिन क्षेत्रों में इन बीमारियों का शिकायत ज्यादा है वहां लोगों को इनसे बचने के तरीकों के बारे में जागरूक किया जाए। अस्पतालों में दवाइयों की उपलब्धता के साथ उन्होंने एनीमिया की बीमारी को ठीक करने के लिए उपलब्ध दवाइयों के सैंपल की अलग-अलग लैब में रैंडम जांच कराने कहा।

## धनसुली स्थित 16 साल पुरानी कॉलोनी में रहने वाले 300 परिवारों के बीच अधूरी सुविधा

# अटल आवास देने के बाद भूला हाउसिंग बोर्ड बिजली, नाली व पेयजल की सुविधा अटकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहर से 12 किलोमीटर की दूरी पर स्थित धनसुली गांव में करीब 16 साल पहले 300 गरीब परिवारों को अटल आवास देने के बाद हाउसिंग बोर्ड वहां की सुध नहीं ले रहा है। इसका खामियाजा कॉलोनी में रहने वाले एक हजार से ज्यादा लोगों को भुगतना पड़ रहा है। इसकी शिकायत के बाद भी कॉलोनी में रहने वाले लोगों को अभी तक स्ट्रीट लाइट, पानी निकासी के लिए नाली और घरेलू नल कनेक्शन की जरूरी सुविधा नहीं मिली है। मेंटेनेंस के अभाव में कॉलोनी का बुरा हाल है।

हरिभूमि सरोकार

छत्तीसगढ़ विधानसभा से आगे धनसुली गांव में 300 अटल आवास का मेंटेनेंस के अभाव में बुरा हाल है। इसका निर्माण गरीबों को खुद का आशियाना और सुविधा देने के लिए बनवाने के बाद जिम्मेदार भूल गए हैं। छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल हाउसिंग बोर्ड ने वर्ष 2008 में इस कॉलोनी को बनवाया था। इसे 2010 तक एक लाख 10 हजार में लोगों को बेचा गया। लोगों से पैसा लेने के बाद जिम्मेदार कॉलोनी की सुध नहीं ले रहे हैं। इससे अटल आवास में अभी तक लोगों को घरेलू नल कनेक्शन, कॉलोनी क्षेत्र में स्ट्रीट लाइन और पानी निकासी के लिए नालियों का प्रापर निर्माण नहीं करवाया गया है। इससे जो लोग कॉलोनी में परिवार के साथ निवास करते हैं, उन्हें दो कमरे, रसोई, शौचालय तथा स्नानगृह दिया गया है। यहां बरसात के दिनों में ढेरों समस्याओं का सामना लोगों को करना पड़ता है।


फाइल फोटो

### टैक्स नहीं चुकाने से अटकी सुविधा

हाउसिंग बोर्ड के सूत्रों ने बताया कि अटल आवास को खरीदने वाले लोगों से छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल वहां पानी और मेंटेनेंस के नाम पर टैक्स लेता है। दर्जनों ऐसे परिवार इस कॉलोनी में ऐसे हैं, जिनके द्वारा सुविधा शुल्क जमा नहीं किया जा रहा है। इसके चलते ऐसे लोगों पर ब्याज समेत 15- 20 हजार से भी ज्यादा टैक्स बकाया है। ऐसे लोग मकान भी नहीं बेच पा रहे हैं, क्योंकि इसके लिए हाउसिंग बोर्ड एनओसी भी नहीं दे रहा है। इससे लोग वहां फैसी हुई अव्यवस्था से भी बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। इस तरह की स्थिति में फंसे हुए गरीब परिवार टैक्स का बकाया व ब्याज चुकाने से नहीं उबर पाए हैं।

### मामले को संज्ञान में लिया जाएगा

कॉलोनी की जानकारी जिम्मेदारों से लेने के बाद मामले को संज्ञान में लिया जाएगा। वहां के लोगों ने जो शिकायतें की हैं, उनका समाधान क्यों नहीं हो पाया है, इसके बारे में प्रोजेक्ट की फाइल देखकर ही बता पाऊंगा।

**- संदीप साहू,** अधीक्षण अभियंता, हाउसिंग बोर्ड, रायपुर

### लोगों को शिकायत के लिए भेजा

अटल आवास में रहने वाले समस्या लेकर आते हैं। इसे देखते हुए उन्हें हाउसिंग बोर्ड में कई बार शिकायत के लिए भेजा है। बरसात में बढ़ने वाली शिकायत को देखते हुए जिम्मेदारों को इससे अवगत कराया जाएगा।

**- प्रेम शंकर यदु,** सरपंच, ग्राम धनसुली

### इस वजह से बेचना चाहते हैं लोग

अटल आवास खरीदने वाले कुछ लोगों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि, 16 साल बाद भी अटल आवास में जिन सुविधाओं को देने का दावा किया गया वह अधूरा है। कोई सुधार नहीं होते देखकर अब अधिकांश लोग उसे बेचना चाहते हैं। अभी इस अटल आवास की कीमत बढ़कर करीब तीन लाख हो गई है। जो लोग उसे खरीदने और बेचने की इच्छा रखते है। ऐसे लोग लंबे समय से हाउसिंग बोर्ड की मनमानी से दुखी है। उनको शिकायत है कि यह न्याय संगत नहीं है। हाउसिंग बोर्ड ने जो सुविधा अटल आवास में देने का दावा किया वह अधूरा है। इसके चलते लोग सुविधा शुल्क देने के लिए तैयार नहीं हैं।

# पिज्जा डिलीवरी ब्वाय सहित लूट के दो अलग-अलग मामलों में नाबालिग सहित पांच गिरफ्तार






हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- खम्हारडीह तथा राजेंद्र नगर पुलिस ने लूट के आरोपियों को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार किया

खम्हारडीह तथा राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में लूट के दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने एक नाबालिग सहित पांच बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूटी गई रकम के साथ सामान जब्त किया है। पुलिस ने लूट की घटना को अंजाम देने वाले बदमाशों को रिपोर्ट दर्ज होने के 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। खम्हारडीह थाना क्षेत्र में तीन बदमाशों ने एक पिज्जा डिलीवरी ब्वाय के साथ मारपीट कर लूट की घटना को अंजाम दिया था।

पुलिस के मुताबिक पिज्जा डिलीवरी ब्वाय सोहन चेलक की शिकायत पर लूट के आरोप में खम्हारडीह में रहने वाले बदमाश मनीष साहू, अंकित विभार तथा संदीप ध्रुव को गिरफ्तार किया है। सोहन ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि वह बुधवार को रात दस बजे वह कचना में पिज्जा डिलीवरी करने जा रहा था, वीआईपी क्लब के पास बदमाशों ने उसका रास्ता रोक कर मारपीट की। इसके बाद बदमाश डिलीवरी ब्वाय से पिज्जा के साथ बैग और उसके दो मोबाइल के साथ कंपनी द्वारा पिज्जा डिलीवरी के लिए दी गई इलेक्ट्रिक स्कूटर लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने बदमाशों को प्राप्त सीसीटीवी फूटेज के आधार पर गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की।

### *चाकू की नोक पर युवक से लूट*

*राजेंद्र नगर थाना की पुलिस ने सुजल रूपरेला की शिकायत पर अजय जाल तथा उसके एक नाबालिग साथी को लूट के आरोप में गिरफ्तार किया है। सुजल ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि गुरुवार को वह अपने दोस्त के साथ विजेता कांपलेक्स गया था। इसी दौरान अजय अपने नाबालिग साथी के साथ उसके पास पहुंचा और चाकू की नोक पर उसके गले से चांदी की चेन, मोबाइल तथा नकदी रकम लूट कर फरार हो गए थे।*

# बहू की मौत के बाद सास की मांग, अस्पताल संचालक के खिलाफ दर्ज किया जाए अपराध

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- पत्रकार वार्ता में फुलवासन बाई व पति भागीरथी मरकाम ने दी जानकारी

गरियाबंद, कुल्हाड़ीघाट निवासी फुलवासन बाई ने छुरा में संचालित एक प्राइवेट अस्पताल के संचालक एवं ऑपरेशन करने वाले डाक्टर के खिलाफ अपराध दर्ज करने और दूसरे विशेषज्ञ से मामले की जांच करवाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि 35 वर्षीय बहू गैंदू बाई को पेट में दर्द की शिकायत होने पर छुरा स्थित अस्पताल में जांच के लिए ले जाया गया था। डाक्टर्स ने बच्चेदानी में कैंसर का हवाला देते हुए अप्रैल में ऑपरेशन में लापरवाही की गई। 11 दिनों के बाद आंबेडकर अस्पताल रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान बहू की मौत हो गई।

पीड़ित सास और मृतका के पति भागीरथी मरकाम न शुक्रवार को प्रेस क्लब में पत्रकारवार्ता ली। इसमें बताया कि अस्पताल के संचालक के कहने पर बच्चेदानी का ऑपरेशन किया। इसमें लापरवाही के चलते बहू की तबीतय लगातार बिगड़ने से कई बार दूसरे अस्पतालों में भी जांच के लिए भेजा गया। उसके बाद भी जब किसी प्रकार का सुधार नहीं हुआ, तो अंबेडकर अस्पताल में भेज दिया गया। यहां आने पर पता चला कि बच्चेदानी का ऑपरेशन करने में बड़ी लापरवाही की गई है। इसके पहले पेट दर्द की वजह जांचे बिना बच्चेदानी का कैंसर बताकर आयुष्मान कार्ड से पैसा लेने के बाद भी 2 लाख से ज्यादा वसूला गया। इसे देखते हुए हम शासन-प्रशासन से मांग करते हैं कि इस मामले की दूसरे विशेषज्ञों से जांच करवाई जाए और संचालक व डाक्टर्स के खिलाफ अपराध दर्ज किया जाए।

# मोदी के शपथ ग्रहण में शामिल होगा साय मंत्रिमंडल और प्रदेश के 160 भाजपा नेता

- दोनों डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा पहले से ही दिल्ली में
- प्रदेश में रहने वाले राष्ट्रीय संगठन के पदाधिकारी भी जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 जून को होने वाले शपथ ग्रहण में प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार का पूरा मंत्रिमंडल, सभी विधायक और प्रदेश के 160 भाजपा नेता शामिल होंगे।

प्रदेश भाजपा संगठन को इसका आमंत्रण मिलने के बाद प्रदेश संगठन के दो महामंत्री रामू रोहरा और भरत वर्मा शुक्रवार को यहां से दिल्ली रवाना हो गए। दोनों महामंत्री दिल्ली में प्रदेश के नेताओं के लिए वहां पर व्यवस्था देखेंगे। दिल्ली में शुक्रवार को संसदीय बोर्ड की बैठक में एनडीए के सांसदों ने नरेंद्र मोदी को अपना नेता चुन लिया। इसी के साथ अब श्री मोदी का शपथ ग्रहण 9 जून की शाम को 6 बजे तय कर दिया गया है। शपथ ग्रहण के लिए प्रदेश संगठन को आमंत्रण भेजा गया है। इसमें करीब 160 नेताओं को बुलाया गया है।

### महामंत्री रामू रोहरा, भरत वर्मा प्रदेश के नेताओं के लिए व्यवस्था करने गए दिल्ली

जिन नेताओं को आमंत्रण मिला है, उसमें सबसे अहम प्रदेश की भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ पूरा मंत्रिमंडल शामिल है। इस समय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और दोनों डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा पहले से ही दिल्ली में हैं। इसी के साथ सभी सांसद भी दिल्ली में हैं। जिनको बुलाया आया है, उसमें प्रदेश के सभी भाजपा विधायक, निवृत्तमान भाजपा के सभी सांसद, प्रदेश संगठन के सभी पदाधिकारी, प्रदेश में रहने वाले राष्ट्रीय संगठन के पदाधिकारी, सभी मोर्चा के अध्यक्ष, सभी जिला अध्यक्ष शामिल हैं। सभी भाजपा नेता अपने-अपने हिसाब से दिल्ली जाएंगे। कई नेता शनिवार और कई रविवार सुबह दिल्ली रवाना होंगे।

### स्लम बस्तियों में लगाएंगे स्वास्थ्य शिविर

**रायपुर।** स्थानीय संकल्प हॉस्पिटल के चिकित्सक राजधानी की स्लम बस्तियों में जाकर जनस्वास्थ्य जागरूकता के लिए स्वास्थ्य शिविर लगाएंगे एवं नागरिकों को मानसून के दौरान स्वस्थ रहने परीक्षण करने सहित आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श देंगे। आमजनों को बताएंगे कि किस तरह जलजनित बीमारियों से सुरक्षित रहकर स्वस्थ रहा जा सकता है। उल्लेखनीय है कि संकल्प हॉस्पिटल ने रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह एवं नगर निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा की पहल पर शहर की स्लम बस्तियों में जाकर आमजनों को जनस्वास्थ्य सुरक्षा के प्रति जागरूक बनाने स्वास्थ्य शिविर लगाने का निर्णय लिया है।

# छत्तीसगढ़ में मानसून की दस्तक में विलंब के आसार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- वर्षा की गतिविधि में कमी आने की संभावना

दक्षिण-पश्चिम मानसून के छत्तीसगढ़ पहुंचने की तारीख में और देर होने की संभावना बन रही है। प्रदेश में वर्षा की गतिविधि में कमी आने की वजह से बस्तर में मानसूनी बारिश के लिए कुछ दिन और इंतजार करना पड़ सकता है। पिछले कुछ दिनों से दक्षिणी हिस्सों में वर्षा हो रही है मगर मध्य और उत्तरी इलाकों में उमस जैसी स्थिति बनी हुई है।

मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार मानसून कुछ दिनों से अपनी नियमित गति से आगे बढ़ रहा है और इसके प्रभाव से बस्तर इलाके में बारिश हो रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि वर्षा की गतिविधि में अब कमी आ सकती है, जिसकी वजह से मानसून के बस्तर प्रवेश की घोषणा के लिए कुछ समय तक इंतजार करना पड़ेगा। उनके मुताबिक मानसून की घोषणा के लिए एक निश्चित मात्रा और दायरे में बारिश होनी चाहिए। अभी तीन-चार दिनों तक बारिश में कमी आने की वजह से मानसून में देर संभावना बनती जा रही है। पिछले चौबीस घंटे में बीजापुर में पांच सेमी. बारिश हुई। दूसरी ओर मध्य इलाके में धूप का असर कम हुआ है मगर उमस की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। दिन के साथ अब रात में भी चिपचिपी गर्मी का अहसास हो रहा है।

# अधूरे कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश

**रायपुर।** कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने गुरुवार को रेडक्रॉस सभाकक्ष में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने इन योजनाओं के अंतर्गत अधूरे कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने अधिकारियों को निर्देश दिए। जल जीवन मिशन योजनाओं के तहत पाइप लाइन बिछाने के लिए सड़कों पर गड्ढे किए गए थे। कलेक्टर ने इन सड़कों के मरम्मत कार्य भी जल्द पूरा करने के निर्देश दिए हैं। कई जगहों पर पाइप लाइन बिछाने का काम कम्पलीट हो गया है, लेकिन टंकी और पाइप लाइन का कनेक्शन नहीं होने के कारण पानी पहुंचाने का काम शुरू नहीं हो पाया है, उन्होंने अधिकारियों को देर किए बिना पाइप लाइन व टंकी का कनेक्शन जोड़कर पानी पहुंचाने का कार्य जल्द शुरू करने के भी निर्देश दिए हैं।



## छत्तीसगढ़ में 77 लाख से अधिक राशनकार्डधारी

# राशन कार्ड पोर्टिबिलिटी का लाभ उठाने में रायपुर दुर्ग जिले के लोग सबसे आगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में दो साल पहले लागू हुई वन नेशन वन राशन कार्ड योजना का लाभ उठाने में छत्तीसगढ़ में रायपुर और दुर्ग जिले के राशनकार्ड धारी सबसे आगे हैं। पूरे प्रदेश में इस योजना का लाभ उठाने वालों की संख्या जून में 11 लाख 14 हजार 709 है। इनमें रायपुर जिले के 1 लाख 12 हजार 259 और दुर्ग जिले के 1 लाख 10 हजार 821 राशन कार्डधारी हैं। इस योजना के तहत राशन कार्डधारी देश में किसी भी सरकार पीडीएस की दुकान से अपने कोटे का राशन ले सकते हैं। यह पूरी व्यवस्था आधार कार्ड के माध्यम से संचालित होती है।

इस योजना के तहत आधार नंबर को राशन कार्ड से जोड़ा जाता है। साथ ही सार्वजनिक वितरण दुकानों में ई-प्वाइंट ऑफ सेल मशीनें भी लगाई जाती हैं। लाभार्थियों को देश में किसी भी राशन की दुकान पर खाद्य सब्सिडी मिलेगी। इससे पहले, वे केवल उसी वार्ड में जा सकते हैं, जहां उनका कार्ड पंजीकृत है।



### ऐसे मिलता है योजना का लाभ

पहले व्यक्ति को नए राशन कार्ड के लिए आवेदन करना पड़ता था, यदि वे स्थान बदल रहे हैं। एक राष्ट्र एक राशन कार्ड ने भौगोलिक बाधा को दूर कर दिया है। यह मुख्य रूप से प्रवासी श्रमिकों का समर्थन करने के लिए कोरोना समय के दौरान पेश किया गया था। इस योजना के तहत एक ही व्यक्ति दो अलग-अलग जगहों पर अपनी पहचान की नकल नहीं कर सकता है। चूंकि यह योजना बायोमेट्रिक्स से जुड़ी हुई है, इसलिए यह भ्रष्टाचार को दूर करती है। उचित मूल्य की दुकानों से खाद्य सब्सिडी प्राप्त करने पर परिवार के सदस्यों को हर बार अपने अंगूठे का निशान लगाना पड़ता है। यह योजना सामाजिक भेदभाव को कम करती है।

### इन जिलों के लाभार्थी सबसे कम

छत्तीसगढ़ में इस समय राशन कार्ड धारियों की संख्या 77 लाख से अधिक है। लेकिन वन नेशन वन राशन कार्ड योजना का लाभ उठाने वालों की संख्या पूरे प्रदेश में मात्र 11 लाख 14 हजार 709 है। इनमें भी रायपुर और दुर्ग जिले के राशन कार्ड धारियों ने अधिक लाभ उठाया है। लेकिन दूसरी ओर राज्य के दूरदराज के जिलों में योजना के लाभार्थियों की संख्या अपेक्षाकृत कम है। इन जिले में सुकमा, बीजापुर, दंतेवाड़ा, मोहला- मानपुर- अंबागढ़ चौकी, नारायणपुर, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, बलरामपुर, सारंगगढ़-बिलाईगढ़ शामिल है। यह योजना उन लोगों के लिए कारगर है जो अपने गांव या शहर से दूसरे शहर या राज्यों में रोजगार, कामकाज के सिलसिले में जाते हैं। उन्हें वहां की सरकारी राशन दुकानों से राशन आसानी से मिल जाता है।

# जुलाई से कोषालयों में लिए जाएंगे ई-बिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में अगले महीने जुलाई से राज्य के सभी कोषालयों में ऑनलाइन माध्यम से ई-बिल लिए जाएंगे। इस संबंध में राज्य सरकार के वित्त विभाग ने प्रदेश के सभी विभागों, अध्यक्ष राजस्व मंडल, सभी विभागाध्यक्ष, सभी संभागीय आयुक्त, सभी कलेक्टरों को आदेश जारी किया गया है।

वित्त विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि जुलाई 2024 से सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों( सेल्फ डीडीओ को छोड़कर) राज्य के सभी कोषालयों में देयकों (बिल) का प्रस्तुतीकरण सिर्फ ऑनलाइन माध्यम से किया जाए। कोषालयों द्वारा महालेखाकार को भेजे जाने वाले मासिक लेखे को ई-लेखे के रूप में भेजा जाए। इस प्रक्रिया के सुचारू रूप से संचालन के लिए यह जरूरी है कि सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों के पास नेटवर्क की सही स्पीड, देयकों के साथ अपलोड किए जाने वाले दस्तावेज की स्कैनिंग करने की समुचित क्षमता वाला स्कैनर व अन्य आवश्यक इलेक्ट्रॉनिक सामाग्री होनी चाहिए। इसके साथ ही वैध डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट भी आवश्यक होगा। वित्त विभाग ने सभी विभागों को ई- बिल प्रस्तुतिकरण तथा उसके निराकरण के लिए एक प्रक्रिया (एसओपी) भी भेजी है।

**खबर संक्षेप**



## सिलघट में श्रद्धा के साथ मनाई गई शनि जयंती

**बेमेतरा।** विधानसभा अन्तर्गत ग्राम सिलघट पतोरा में न्याय के देवता भगवान शनि देव की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्व हिंदू सनातन संगठन व भाजपा नेता योगेश तिवारी बतौर अतिथि शामिल हुए। उन्होंने भगवान शिव की पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों की खुशहाली व समृद्धि की कामना की। शनि को वैदिक ज्योतिष में विशेष स्थान प्राप्त है और पौराणिक मान्यताओं के अनुसार ज्येष्ठ अमावस्या पर शनिदेव का जन्म हुआ था। शनि जयंती पर विधि-विधान के साथ शनिदेव की पूजा-आराधना करने पर शनिदोष, शनि साढ़ेसाती और महादशा से छुटकारा मिलता है। कार्यक्रम ग्राम सिलघट पतोरा मंदिर समिति सुरेश अवस्थी, निरंजन निषाद, रत्नेश, अशोक, जयकिशन, गंगाप्रशाद, भूखू, गेपाल, रतिराम, दाऊ नीलकंठ पटेल, मनोज सिन्हा, नरेश राय, यशवंत टंडन, मनोज सिंह, नरेन्द्र साहू, बीरेंद्र साहू, निर्मल साहू मंसाराम, केजू साहू, प्रकाश भारत साहू, प्रहलाद साहू, पीलू, सुखीराम, सतीश गुरुजी, अश्वनी अवस्थी उपस्थित थे।

## सांसद विजय से जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा ने की भेंट, दी बधाई

**बेमेतरा।** दुर्ग जिले के विजयी हुए सांसद विजय बघेल को शुभकामना देने भिलाई स्थित आवास में पहुंची जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी, जिला पंचायत क्षेत्र के बूथवार भाजपा को मिले आंकड़ों पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए विजय बघेल ने मुँह मीठा कराते हुए बेमेतरा के सभी भाजपा कार्यकर्ताओं के कड़े परिश्रम के लिए आभार व्यक्त किया। जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने बताया कि जिले के मंत्री दयाल दास बघेल, बेमेतरा विधायक दीपेश साहू,साजा विधायक ईश्वर साहू, पूर्व विधायक अवधेश चंदेल, लाभचंद बाफना,भाजपा जिलाअध्यक्ष ओम प्रकाश जोशी पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा के मार्गदर्शन में पूरे कार्यकर्ताओं ने दिन रात एक कर मोदी जी के विकास और विष्णुदेव साय सरकार के सुशासन को लेकर घर-घर पहुंचे। उन्होंने कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में जिला पंचायत,जनपद और पंच सरपंचों ने भी पूरी ताकत झोंक दी थी। मुलाकात के दौरान भाजपा नेता राजेश दीवान, अमित महेश्वरी और डॉ सौरभ निर्वाणी ने भी पुष्पगुच्छ भेंट कर विजयी सांसद को शुभकानाएँ दी। सांसद बघेल ने बेमेतरा आगमन पर जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी के घर आने की बात कहते हुए बताया कि उनकी सासु मां प्रभा निर्वाणी जब बेमेतरा की नगर पालिका अध्यक्ष थीं, उस दौर में उनकी राजनीतिक शुरुआत भी कुम्हारी नगरपालिका अध्यक्ष के तौर पर हुई थी।

**बैठक : कलेक्टर ने बीईओ, बीआरसी, प्राचार्यों और सीएसी की बैठक में किया सचेत**

# कक्षा 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम बेहद निराशाजनक रहे, इस पर गहन चिंतन जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल में जिले के सभी विकासखण्ड के बीईओ, बीआरसी, हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्यों एवं सभी संकुल समन्वयकों की एक अत्यावश्यक बैठक रखी गई। नया सत्र प्रारंभ होने के पूर्व रखी गई इस महत्वपूर्ण बैठक में जिले के कलेक्टर रणवीर शर्मा और संयुक्त संचालक दुर्ग आर एल ठाकुर विशेष रूप से शामिल हुए। नया सत्र प्रारंभ होने के पूर्व रखी गई इस महत्वपूर्ण बैठक में अनेक बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा करके बीईओ बीआरसी एवं प्राचार्यों को महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए गए। जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा कमल कपूर बंजारे द्वारा आयोजित बैठक में कई एजेंडो को शामिल किया गया था। कलेक्टर रणवीर शर्मा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय खुलने के पहले विद्यालय की साफ-सफाई कर ली जाए। जिले की सभी शालाओं में 18 जून को शाला प्रवेश उत्सव मनाया जाना है और इसी दिन नेवता भोज का भी आयोजन सभी शालाओं में सुनिश्चित किया जाए। साथ ही इसी दिन पाठ्य पुस्तक और गणवेश का वितरण कर लिया जाय। कलेक्टर रणवीर शर्मा ने कहा कि इस बार हाईस्कूल की परीक्षा में हम 30 वें स्थान पर और हायर सेकेंडरी की परीक्षा में हम 26 वें स्थान पर है। 2023-24 की बोर्ड परीक्षा कक्षा दसवीं एवं बारहवीं का परीक्षा परिणाम हम सब के लिए बहुत ही निराशाजनक रहे हैं। इस पर गहन चिंतन करने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी शिक्षकों से विनम्रतापूर्वक आव्हान किया कि वे विद्यालय नियमित रूप से आये, समय पर आएं और मन लगाकर, तन्मयता पूर्वक अपना अध्यापन कार्य करे। प्रयास विद्यालय, राष्ट्रीय प्रतिभावान छात्रवृत्ति परीक्षा और जवाहर नवोदय विद्यालय की परीक्षा के लिए बच्चों को तैयार करें। विद्यालय से लंबे समय से अनुपस्थित शिक्षकों के संबंध में, समर कैंप का आयोजन एवं परीक्षा परिणाम, आकलन एवं मूल्यांकन को शिक्षकों के द्वारा गंभीरता से लेने कहा गया। आगामी शिक्षा सत्र 2024-25 को सर्वांगीण शिक्षा गुणवत्ता वर्ष के रूप में हम मनाएंगे।

■ आगामी सत्र को सर्वांगीण शिक्षा गुणवत्ता वर्ष के रूप में मनाने का लिया गया निर्णय






### सीखने-सिखाने के लिए उत्तम हो विद्यालय परिसर का वातावरण : डीईओ

जिला शिक्षा अधिकारी कमल कपूर बंजारे ने कहा कि विद्यालय परिसर का वातावरण सीखने और सिखाने के लिए उत्तम हो, अधिकारियों के निरीक्षण के दौरान विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं शाला में उपस्थित हों, साथ ही अपने-अपने कार्यों में सक्रिय पाया जाए। मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता, नियमितता एवं स्वच्छता हो। अभ्यास पुस्तिका की उपलब्धता, उन पर नियमित कार्य और उन पर फीडबैक शिक्षकों, प्राचार्यो एवं सीएसी के द्वारा दिया जावे। शाला प्रबंधन समिति की सक्रियता एवं बैठकों में उनकी उपस्थिति और सहभागिता पर विशेष ध्यान देना है। सभी शिक्षक शिक्षक डायरी का अनिवार्य रूप से संधारण करें। शाला प्रबंधन समिति की बैठक 30 जून और 30 सितंबर को लेना अनिवार्य है। प्रमुख अधिकारियों के नाम व मोबाइल नंबर दीवारों में लिखवाना अनिवार्य है। शाला में सभी विद्यार्थियों के द्वारा पुस्तकालय में रखी पुस्तकों का नियमित उपयोग किया जावे। सभी विद्यार्थियों के द्वारा विद्यालय में नियमित रूप से प्रायोगिक कार्य किया जाए। सभी बच्चों को खेलने के लिए पर्याप्त अवसर मिले। विद्यार्थियों को मिलने वाली सभी सुविधाएं उन्हें समय पर मिले। प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण सभी विद्यार्थियों के नाम व फोटो कक्षा के बाहरी दीवारों पर प्रदर्शित किया जाए। जिससे दूसरे विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिले। शाला सुरक्षा कार्यक्रम में प्रशिक्षित होने की दक्षता का विद्यालय में प्रयोग करें। शाला में सक्रिय बाल संसद, युवा क्लब एवं इको क्लब का सफलतापूर्वक संचालन करें। शाला में सक्रिय स्वच्छ शौचालय एवं पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करें। सभी शिक्षक पालकों के साथ बैठक आयोजित करें। ताकि वे छात्रों के आकलन, परीक्षा परिणाम और मूल्यांकन में समुचित सहभागी बने।

### प्राचार्य सहित सभी अधिकारी समन्वय बनाकर कार्य करें : संयुक्त संचालक

दुर्ग संभाग के संयुक्त संचालक आर एल ठाकुर ने सभी बीईओ बीआरसी एवं प्राचार्यों एवं संकुल समन्वयकों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी शिक्षक एवं प्राचार्य प्रोएक्टिव हो कर कार्य करें। सभी विद्यालय पालकों एवं शिक्षकों की बैठक का नियमित आयोजन करें तथा समन्वय की भावना के साथ कार्य करें। प्राचार्य अपने दायित्व के साथ साथ संकुल प्राचार्य एवं आहरण संवितरण अधिकारी भी है, जो अति महत्वपूर्ण है, के दायित्वों का भी निर्वहन करें। जिसके लिए समन्वय की भावना के साथ कार्य करें।। संयुक्त संचालक दुर्ग संभाग आर एल ठाकुर ने शिक्षकों एवं प्राचार्यों से आह्वान किया कि वे अपने दायित्वों का पूरी तरह ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करें। कार्यक्रम का संचालन जिले के सबसे बड़े शिक्षा संस्थान डाइट बेमेतरा के प्राचार्य जे के घृतलहरे ने किया। इस अति महत्वपूर्ण बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा कमल कपूर बंजारे, डीएमसी नरेंद्र वर्मा, एमआईएस प्रशासक खिरावन वर्मा, एडीपीओ कमोद ठाकुर, बेमेतरा बीईओ अरुण कुमार खरे, बीआरसी राजेंद्र कुमार साहू, बीईओ जयप्रकाश करमाकर एवं बीआरसी खोमलाल साहू साजा बीईओ निलेश कुमार चंद्रवंशी एवं बीआरसी बीडी बघेल, नवागढ़ बीईओ लोक नाथ बांधे, एबीईओ कामिनी महिलांगे एवं बीआरसी सोनू राम साहू, डाइट के व्याख्याता राजकुमार वर्मा, सीएसी भूपेन्द्र कुमार साहू सहित जिले के हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी के प्राचार्य एवं संकुल समन्वयक उपस्थित थे।

# नालों में निर्मित पीएम की योजना के चेकडेमों की गुणवत्ता व उपयोगिता पर उठ रहे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा



प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाय) के अंतर्गत जलसंग्रहण के लिए ज़िले के विभिन्न इलाकों में चैकडैम का निर्माण किया गया है जिसकी निर्माण गुणवत्ता एवं उपयोगिता पर सवालिया निशान उठने लगा है। ताज़ा आकड़ों में शासन-प्रशासन की यह महत्वाकांक्षी योजना ज़िले के साजा विकासखण्ड अंतर्गत सुरही-शिवनाथ व अन्य सहायक नदियों के सहायक नालों पर बरसात के पानी को संरक्षित कर भूजल स्तर को संतुलित करने के लिए लिया गया है, जो फिलहाल हाल के वर्षों में ज़िला कृषि विकास कार्यालय के अधीनस्थ मृदा संरक्षण (मिट्टी कन्जर्वेशन) विभाग की शाखा द्वारा चैक डैम का निर्माण किया गया है। किंतु वर्तमान में इन चैक डैम के निर्माण पर कई कमियां व खामियां दिखाई दे रही है। जिसमे फिलहाल ग्राम पंचायत बुधवारा के आश्रित ग्राम डीहपारा बासीन, डेहरी व कोहकाबोड गाँव मे संदिग्ध कार्यस्वरूप के साथ निर्माण की गुणवत्ता में भी ठेकेदार द्वारा जबरदस्त लापरवाही बरती गई है। घटिया निर्माण सामग्रियों व स्तरहीन मटेरियल से चैकडैम बनने पर अभी से दरारें नज़र आने लगी हैं। वहीं, कई जगहों पर गड्ढे दिखाई देने लगे हैं। जिससे इसकी उपयोगिता पर प्रश्नचिन्ह लग रहा है। इसके बावजूद जिम्मेदार मृदा संरक्षण व कृषि अधिकारी द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है। साथ ही इसमें बासीन डीहपारा के चैक डैम को इसी बरस कुछ महीनों पूर्व निर्मित बताया जा रहा है जिसमे स्वीकृति तारीख व निर्माण तारीख में काफी अंतर नज़र आ रहा है, इसके अलावा निर्माण सूचक बोर्ड पर लागत राशि व अन्य जानकारियों में त्रुटियां दिखाई दे रही है। फलस्वरूप ज़िले के विभिन्न इलाकों में चैकडैम के निर्माण, गुणवत्ता व उपयोगिता को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।

■ निर्माण में नजर आ रहीं कई खामियां

**जिम्मेदारों की अनदेखी-** जिम्मेदार अफ़सरों की निष्क्रियता से शासन-प्रशासन की यह खास परियोजना धरातल पर बर्बाद होती नजर आ रही है वर्तमान में जिन गाँवो में चैकडैम बनाया गया है। वहां पर के गाँवों में नालों पर तीन से लेकर आधा दर्जन तक चैक डैम बनाया गया है किंतु उपयोगिता व गुणवत्ता के मामले में फिसड्डी साबित हो रही है। जिस पर जिला के आला अफसरों को संज्ञान लेने की जरूरत है। इस संबंध में ज़िला मृदा संरक्षण अधिकारी एसके गोंड़ से सम्पर्क किया गया तो उनसे संपर्क नहीं हो पाया।

# रक्षित निरीक्षक मनीष को दी गई विदाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

जिले के रक्षित निरीक्षक मनीष सिंह राजपूत का बेमेतरा जिले से स्थानांतरण जिला कोंडागांव के लिए हुआ। कोंडागांव स्थानांतरण पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। उन्हें पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, प्रशिक्षु डीएसपी बृजकिशोर यादव ने स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित कर उन्हें भाव पूर्ण विदाई दी गई। साथ ही उनके स्वस्थ्य, दीर्घायु एवं सुखमय जीवन की कामना की गई। स्थानांतरित रक्षित निरीक्षक मनीष राजपूत ने बेमेतरा जिले में लगभग 01 साल का बहुत अच्छा कार्यकाल रहा । रक्षित निरीक्षक मनीष सिंह राजपूत ने बेमेतरा जिले में बिताये अपने अनुभव को साथ साझा किया एवं पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने भी रक्षित निरीक्षक मनीष सिंह राजपूत के कार्यों की प्रशंसा करते हुए उनको उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। राजपत्रित अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्टाफ व समस्त थाना/चौकी प्रभारीगण व अन्य पुलिस स्टाफ भी रक्षित निरीक्षक मनीष सिंह राजपूत के साथ किये कार्यों का प्रशंसा कर अपने अनुभव को सांझा किये एवं नये जिले में जाने के लिए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर राजपत्रित अधिकारी एवं समस्त थाना/चौकी प्रभारी सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय के स्टाफ उपस्थित रहे।

## सिन्हा कलार समाज के मंडलेश्वर चुने गए ईश्वर



**बेरला।** बेरला मंडल के सिन्हा कलार समाज की मंडल पदाधिकारियों की चुनाव किया गया। मंडलेश्वर ईश्वर सिन्हा, कोषाध्यक्ष तिहारू सिन्हा, सचिव कामता सिन्हा, युवा मंच अध्यक्ष मनोज सिन्हा, कोषाध्यक्ष तेजेश्वर सिन्हा, सचिव राहुल सिन्हा, महिला मंच अध्यक्ष गीता सिन्हा, कोषाध्यक्ष रेखा सिन्हा, सचिव रेखा सिन्हा चुने गए। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शिवझड़ी सिन्हा अध्यक्ष युवा मंच कलार समाज जिला बेमेतरा ने बधाई दी। बेरला में सामाजिक बंधुजनों द्वारा समाज हित में अपनी सूझबूझ और एकजुटता का परिचय दिया। इसमें सभी को निर्विरोध चुने गए। इसके लिए सभी का आभार जताया गया। वहीं, प्रदेश महामंत्री तेखन सिन्हा, निर्वाचन अधिकारी कृष्ण सिन्हा, प्रदेश पुसऊ सिन्हा, देवलाल सिन्हा, अनुज जायसवाल, मदन सिन्हा, रघुबीर सिन्हा, डामन सिन्हा केशव सिन्हा, राजू जायसवाल, रोहित सिन्हा, राकेश सिन्हा, रमेश सिन्हा, दीपक सिन्हा, बिसाहू सिन्हा, राघव, छगन, संतोष सहित समस्त सामाजिक पदाधिकारी जन सम्मिलित हुए।

## नीट स्कैम की हो सीबीआई जांच दुबारा आयोजित की जाए परीक्षा



**बेमेतरा।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री राजेंद्र साहू ने नीट परीक्षा में धांधली का आरोप लगाते हुए, शिकायतों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। राजेंद्र ने कहा कि नीट परीक्षा को लेकर जितनी शिकायतें मिली हैं और अलग-अलग राज्यों में पेपर लीक से लेकर बोनस अंक देने सहित अन्य अनियमितताओं की शिकायतों को देखते हुए परीक्षा रद्द कर दोबारा नीट परीक्षा आयोजित करना जरूरी हो गया है। नीट परीक्षा में धांधली कर छात्रों के साथ अन्याय नहीं किया जाना चाहिए।

नीट परीक्षा में भ्रष्टाचार की शिकायतें भी सामने आ रही हैं। राजेंद्र ने सवाल किया है कि भाजपा या एनडीए के दलों ने नीट धांधली के इस बड़े मामले में अब तक चुप्पी क्यों साध रखी है। क्या नीट परीक्षा में धांधली, भ्रष्टाचार और अनियमितता मोदी की गारंटी है? राजेंद्र ने केंद्र सरकार से तत्काल नीट परीक्षा रद्द करने और छात्र हित में दोबारा परीक्षा आयोजित करने का निर्णय लेने की मांग की है।

राजेंद्र ने कहा कि नीट परीक्षा में 67 स्टूडेंट्स को 720 में से 720 अंक दिये गए। यह अविश्वसनीय घटना है। बड़ी बात ये है कि हरियाणा के एक ही परीक्षा केंद्र से कई बच्चों को 720 में से 720 अंक मिले हैं। कई छात्रों को मिली ओएमआर शीट के अनुसार उन्हें जितने अंक मिलने चाहिए, उससे काफी कम या काफी ज्यादा अंक दे दिये गए हैं। परीक्षा आयोजित करने वाली एजेंसी एनटीए ने देश के 24 लाख छात्रों के साथ घोर अन्याय किया है।

राजेंद्र ने कहा कि छत्तीसगढ़ में पीएससी परीक्षा में भेदभाव का आरोप लगाने वाले भाजपा नेता पूरे देश में नीट परीक्षा में हुई धांधली पर चुप क्यों हैं। नीट की परीक्षा का आयोजन पड़ोस के कई देशों में भी होता है। नीट परीक्षा में हुई धांधली के आरोपों से पड़ोस के दूसरे देशों में भारत की साख को गहरा धक्का लगा है। इस बड़े स्कैम की सीबीआई जांच होनी चाहिए। दोषी लोगों का पता लगाकर सख्त कार्रवाई जरूरी है। ताकि भविष्य में इस तरह की धांधली दोबारा न हो सके।

## आत्मानंद स्कूल के विद्यार्थियों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**बालोद।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय बालोद में विश्व पर्यावरण दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। छात्रें ने ईको क्लब द्वारा आयोजित विविध गतिविधियों द्वारा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

संस्था के प्राचार्य अरुण कुमार साहू ने बताया कि पूरे विश्व में पर्यावरण असंतुलन से तापमान का बढ़ना, असामान्य वर्षा, प्रदूषण आदि संकट बढ़ा है। इन सबसे मानव समाज के अस्तित्व पर खतरा उत्पन्न हो गया है। इनके प्रति अभी जागरूक नहीं हुए तो समाधान का दूसरा अवसर हमारे पास नहीं होगा। मानव समाज को बचाने के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता से वृक्षारोपण, जन जागरूकता कार्यक्रम, जल, वायु व मृदा संरक्षण के उपाय अपनाना अति आवश्यक है।

**माहेश्वरी महिला संगठन ने किया आयोजन**

# महिलाओं ने साड़ी का महत्व बताने निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद



आज की युवा पीढ़ी में साड़ी के प्रति जागरूकता लाने के लिए एवं साड़ी का महत्व बताते हुए माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा नगर में रैली निकाली गई। संसार का सौंदर्य है नारी, नारी का सौंदर्य है साड़ी, पाश्चात्य संस्कृति को छोड़ो नारी को साड़ी से जोड़ो जैसे संदेशों के साथ माहेश्वरी महिला मण्डल बालोद द्वारा साड़ी के प्रति जागरूकता लाने रैली निकाली गई। रैली में माहेश्वरी समाज के साथ ब्राम्हण, अग्रवाल, जैन, गुप्ता समाज की महिलाएं भी शामिल हुईं।

आज युवाओं में पाश्चात्य संस्कृति के प्रति आकर्षण के कारण बालिकाएं साड़ी का त्याग कर जींस, टी शर्ट व अन्य परिधान धारण करने लगी हैं। इस स्थिति को देखते हुए अखिल भारतीय माहेश्वरी महिला मंडल ने साड़ी के प्रति जागरूक लाने के लिए प्रोजेक्ट के तहत अभियान प्रारंभ किया है। इसी क्रम में बालोद महिला मण्डल ने रैली निकाली। स्थानीय गणेश मंदिर में पूजा के पश्चात रैली प्रारंभ हुई, जो सदर मार्ग होते हुए पुराने बस स्टैण्ड स्थित शिव मंदिर मे समाप्त हुई। कार्यक्रम मे विधायक संगीता सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप मे सम्मिलित हुई। विधायक संगीता सिन्हा ने कहा यह दुख का विषय है कि हमें अपने ही परिधान के लिए अभियान चलाकर जागरूकता का कार्य करना पड़ रहा है। संगीता सिन्हा ने कहा कि बीते दो सत्र से मैं क्षेत्र की विधायक हूं। लगातार व्यस्त कार्यक्रम रहता है, सार्वजनिक जिम्मेदारियां, व्यस्तता भी मेरे कार्य में साड़ी कभी रूकावट नहीं बनी। साड़ी मेरे कार्य में कभी असुविधाजनक नहीं रही। साड़ी नारी का परिधान है, यह हमारी संस्कृति की पहचान है, संगीता सिन्हा ने बालिकाओ से अपील करते हुए कहा भारतीय संस्कृति की पहचान साड़ी को अपने जीवन में सम्मिलित करें। इसके पूर्व मारवाड़ी महिलाएं संगठन अध्यक्ष एवं प्रादेशिक माहेश्वरी महिला मण्डल उपाध्यक्ष संगीता टुवानी ने झण्डी दिखाकर रैली को रवाना किया। संगीता टुवानी ने कहा अखिल भारतीय माहेश्वरी महिला मण्डल के प्रोजेक्ट के तहत नगर में यह अभियान चलाया गया। साड़ी महिलाओं की शोभा बढ़ाती है। सम्मान का दृष्टिकोण पैदा करता है। कार्यक्रम में माहेश्वरी महिला मण्डल अध्यक्ष संगीता टावरी, उपाध्यक्ष ज्योति राठी सहित समाज की महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थीं।

